संख्या:541/2021/2519/35-4-2021

प्रेषक,

ऋषिकेश दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
फतेहपुर।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 20 दिसम्बर, 2021

विषय: वित्तीय वर्ष 2021-22 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद-फतेहपुर की वि0स0 क्षेत्र-जहानाबाद में निम्नलिखित कार्यों की रू. **298.65** लाख (जी0एस0टी0 सहित) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. **298.40** लाख (रूपये दो करोड़ अट्ठान्वे लाख चालीस हजार मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर निम्नांकित विवरण तथा शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन कार्यों के लिये ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यदायी संस्था होगी:-

(लाख रू. में)

	कार्य	**लम्बाई (किमी0)**	**अनुमोदित लागत**	**अवमुक्त धनराशि**
1	वि0ख0 मलवॉ के अन्तर्गत आदर्श कृषि इण्टर कालेज बडाहार डामर रोड से श्री कैलास अवस्थी के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण।	0.100	9.07	9.07
2	वि0ख0 मलवॉ के अन्तर्गत ग्राम दरियापुर से नयाखेडा तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण।	0.200	13.23	13.23
3	वि0ख0 देवमही के अन्तर्गत ग्राम घनश्यामपुर में श्री रजनीश पुत्र सुरेश के घर से श्री अनीश पुत्र मन्नीलाल के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण।	0.200	15.25	15.00
	विकास खण्ड अमौली के अन्तर्गत ग्राम मवईधाम में मेनडामर रोड से स्वामी परमानन्द बालिका विद्यालय के अन्दर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.125	12.59	12.59
5	विकास खण्ड मलवां के अन्तर्गत ग्राम शाहजहांपुर में मुगल रोड से श्री सुनील उत्तम के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग मार्ग व नाली का निर्माण ।	0.129	10.99	10.99
6	कस्बा कोड़ा जहानाबाद में श्री कामता लेखपाल के आवास से श्री नूर अहमद के आवास तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.050	4.31	4.31
7	ग्राम सैमसी में पुलिया ट्रांसफार्मर से प्राथमिक विद्यालय तक इण्टरलाकिंग रोड ।	0.100	7.02	7.02
8	कस्बा कोड़ा जहानाबाद श्री टिंकल गुप्ता के आवास से श्री महावीर मास्टर साहब के आवास तक इण्टरलाकिंग मार्ग व नाली का निर्माण कार्य।	0.100	14.31	14.31
9	ग्राम आजमपुरगढ़वा में मेन रोड से श्री राजकुमार कुरील के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	9.54	9.54

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	कार्य	लम्बाई (किमी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि
10	विकास खण्ड मलवॉ ग्राम औंग में श्री अभिनन्दन प्रसाद प्रजापति के घर से श्री रामप्रताप मास्टर के घर होते हुए श्री भगत जी के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण ।	0.100	7.60	7.6
11	ग्राम गंगचौली खुर्द में श्री राजेश के दरवाजे से श्री बब्लू के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	8.35	8.35
12	वि0 ख0 देवमई के अन्तर्गत ग्राम मिरजापुर मकरन्दपुर में श्री उमाकान्त कुशवाहा के घर से श्री रामखेलावन के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण ।	0.080	5.32	5.32
13	वि 0 ख 0 अमौली के अन्तर्गत चॉदपुर थाना के बगल से श्री धर्मेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग व नाली का निर्माण ।	0.100	9.34	9.34
14	विकास खण्ड अमौली के अन्तर्गत ग्राम सभा चॉदपुर मजरे भिखनीपुर में जितेन्द्र सिंह एडवोकेट के घर के पास से मुख्य मार्ग की तरफ नवीनीकरण का कार्य।	0.100	7.57	7.57
15	वि0 ख0 मलवॉ के अन्तर्गत ग्राम बनियनखेडा में श्री राजन पासी के दरवाजे से श्री फूलचन्द के दरवाजे तक जाने वाली गली में इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण ।	0.100	8.51	8.51
16	वि0 ख0 मलवॉ के अन्तर्गत ग्राम भाऊपुर में मुख्य मार्ग से डा 0 कृष्णकांत के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण।	0.100	7.21	7.21
17	वि0 ख0 मलवॉ के अन्तर्गत ग्राम अभयपुर में पंचायत घर से श्री मुन्ना सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण।	0.100	7.67	7.67
18	विकास खण्ड देवमई के ग्राम गंगचौली खुर्द में श्री मोहन लाल के दरवाजे से प्राथमिक विद्यालय के लिंक मार्ग से गंगचौली बुजुर्ग में श्री मन्नालाल की दुकान तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण ।	0.100	8.45	8.45
19	विकास खण्ड मलवां में ग्राम जाड़ेपुरवा में श्री रामआसरे के घर से श्री अमरपाल के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग का निर्माण ।	0.100	7.99	7.99
20	विकास खण्ड मलवां के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अलीपुर में श्री सुघरपासवान के दरवाजे से ज्ञानोदय विद्यालय मंदिर तक इण्टरलाकिंग मार्ग व नाली का निर्माण ।	0.100	8.01	8.01
21	आर0सी0सी0 रोड से पाताली देवी मंदिर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.070	6.65	6.65
22	ग्राम हरिजनपुर में अमौली सठिगवॉ जोनिहा मार्ग में मेन रोड से चन्द्रिका वर्मा के घर होते हुए गोदहा जाने वाले डामर रोड तक सी 0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	8.35	8.35
23	ग्राम बाबूपुर मे श्री विपिन वर्मा के घर से श्री गोविन्द प्रसाद के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	9.79	9.79
24	ग्राम जगदीशपुर गंगरावल मे चौडगरा बकेवर रोड़ से श्री गयाप्रसाद के घर से श्री बेनी माधव के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	6.16	6.16
25	ग्राम पंचायत बरीगवां हिम्मतपुर मे श्री सतपाल उमराव के घर से श्री सनोज उमराव के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	7.73	7.73
26	ग्राम पंचायत जोगापुर मे पिपरहाखेड़ा पक्की रोड से श्री मनोज पटेल के घर से वृन्दावन पटेल के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	7.49	7.49

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	कार्य	लम्बाई (किमी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि
27	ग्राम पंचायत मुरारपुर दिलावलपुर पक्की रोड से दिलावलपुर मे श्री केदारनाथ मास्टर के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	7.49	7.49
28	ग्राम गोकुलपुर (अकबरपुर नसीरपुर) सी0सी0 रोड से काली माता मन्दिर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	7.55	7.55
29	ग्राम मिराई में पंचायत घर से सामने से श्री अनूप पाल के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	7.55	7.55
30	ब्लाक मलवॉ के दुर्गागंज में हाइवे से श्री रामकरन पटेल के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	7.65	7.65
31	बुढ़वा में पंथू ठाकुर के घर से खेल के मैदान के पास तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.120	9.95	9.95
32	ग्राम गौरी में श्री निजाम के दरवाजे से नाले की पुलिया तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	11.06	11.06
33	ग्राम बेहटा में मेनरोड सुखराम के घर से श्री सुनील वर्मा के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	10.06	10.06
34	ग्राम सराहन बुजुर्ग में इटरा डामर रोड से दीपू सरिता के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.100	8.84	8.84
	योग-	**3.574**	**298.65**	**298.40**

1. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।
2. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।
3. निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण के उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी।
4. समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
5. कार्यों का निर्माण, लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण कर लिया जाये तथा भविष्य में प्रायोजना का कोई पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा। कार्यों के लागत आगणन में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन जैसे नये कार्य बढ़ाना, कार्यों के आकार एवं मार्ग की लम्बाई में वृद्धि एवं अन्य उच्च विशिष्टियॉ इस्तेमाल करना इत्यादि, सक्षम स्तर का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।
6. कार्यों की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से की जायेगी। व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी का होगा और उनके द्वारा स्वीकृत कार्यों की भौतिक/वित्तीय प्रगति का विवरण नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
7. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
8. त्वरित आर्थिक विकास योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित शासनादेश संख्या-29/2018/1084/35-4-2018 दिनांक 24 सितम्बर,2018 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

9. प्रश्नगत कार्यो के लिये नियमानुसार लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्त धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।
10. प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन (प्रतिलिपि संलग्न) के अनुसार किये जायेंगे।
11. ई-टेण्डरिंग/ई-प्रोक्योरमेण्ट प्रणाली लागू किये जाने से सम्बन्धित शासनादेश संख्या- 1067/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या–1107/78-2-2017-42आईटी /2017 दिनांक 12 मई, 2017 एवं तदविषयक शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
12. जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्यों हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।
13. अपेक्षित औपचारिकतायें पूर्ण कर जिलाधिकारी द्वारा कार्यों हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
14. परियोजनाओं के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी।
15. स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।
16. स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च,2022 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे 31 मार्च, 2022 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव नियोजन अनुभाग-4 को 31 मार्च, 2022 तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
17. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2022 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा ।
18. कार्य स्थल पर त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ मुख्य विवरण शिला पट्टिका/बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे।
19. जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा। कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था उसके लिये उत्तरदायी होगी।
20. कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा।
21. यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के पश्चात वीडियोग्राफी भी करायी जाय।
22. अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।
23. प्रयोजनान्तर्गत 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 अनुमन्य कर दी गई है। कार्यदायी संस्था द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रायोजनान्तर्गत विभिन्न कार्यमदों में जी0एस0टी0 सम्मिलित न हो।
24. कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के पश्चात नियमानुसार सम्बंधित प्रशासकीय विभाग को किया जायेगा। संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा सृजित परिसम्पत्ति के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु त्वरित आर्थिक विकास योजना से धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।
25. कार्यदायी संस्था को जो धनराशि अवमुक्त की जायेगी वह 02 माह की आवश्यकता के अनुसार होनी चाहिए। कार्यदायी संस्था को पूर्व में दी गई धनराशि के 75 प्रतिशत का उपयोग करने के उपरान्त अगले 02 माह के लिए पुन: आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित करके दी जायेगी एवं वित्त(आय-व्ययक)अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22 मार्च, 2021 में निहित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

2- उपर्युक्त कार्य पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़के-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-0301-ग्रामीण क्षेत्रों में नई सड़कों के लिये एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-5-2918/दस-2021 दिनांक: 20 दिसम्बर, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(ऋषिकेश दुबे)
विशेष सचिव।

संख्या:541/2021/2519(1)/35-4-2021 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज(इलाहाबाद)।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
3- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0शासन।
4- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0शासन।
6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, प्रयागराज।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लखनऊ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, फतेहपुर।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, फतेहपुर।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, फतेहपुर।
13- अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग फतेहपुर।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(ऋषिकेश दुबे)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।